वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

स. 5-1(14)/2008-PD–पार्ट 5 **दिनांक: 28.04.2026**

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय: ऐसे मामले जहां नियुक्ति प्रस्ताव 05 वर्ष रिक्ति आयु से पहले जारी किए गए थे और चयनित उम्मीदवार ने पद ज्वाइन करने के निर्धारित समय के भीतर प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया हो, लेकिन इस समय तक पद रिक्ति को 5 वर्ष से अधिक का समय हो गया हो- स्पष्टीकरण।

सीएसआईआर कार्यालय ज्ञापन संख्या 5 -1 (14)/2008-पीडी-भाग 5 दिनांक 13.04.2026 के अनुक्रम में, अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि इस कार्यालय को उन मामलों में स्पष्टीकरण मांगने वाले संदर्भ प्राप्त हुए हैं जहां रिक्ति उत्पन्न होने के 5 वर्षों के भीतर नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए गए हैं, हालांकि, चयनित उम्मीदवार ने पद ज्वाइन करने के निर्धारित समय के भीतर प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया हो, लेकिन इस समय तक पद रिक्ति को 5 वर्ष से अधिक का समय हो गया हो, तब क्या ऐसे मामलों में आरक्षित सूची से नियुक्ति प्रस्ताव डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन दिनांक 13.06.2000 के अनुसार जारी किया जा सकता है।

2. इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि यह मामला व्यय विभाग, भारत सरकार के साथ उठाया गया है, जिसमें आईडी संख्या 2(1)-P/CSIR/2026/E.Coord.I दिनांक 20.04.2026 के माध्यम से इस मामले में स्पष्ट किया है कि यदि व्यय विभाग के कार्यलय ज्ञापन दिनांक 04.01.2024 के अनुसार यदि पद 5 वर्ष से अधिक रिक्त रहता है तो उसे भरने से पूर्व पद के पुनर्जीवन हेतु व्यय विभाग के अनुमोदन की आवश्यकता है।

3. उपरोक्त को, सभी संबंधितों की जानकारी, मार्गदर्शन और अनुपालन के लिए लाया जा सकता है।

28/4/26

(अमरेन्द्र कुमार)
अवर सचिव(नीति)

सेवा में

1. सभी सीएसआईआर राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं / संस्थानों / मुख्यालयों /इकाइयों के निदेशक/प्रमुख

प्रतिलिपि:

1. कार्यालय महानिदेशक, सीएसआईआर
2. कार्यालय संयुक्त सचिव (प्रशा.), सीएसआईआर
3. कार्यालय वित्तीय सलाहकार, सीएसआईआर
4. कार्यालय मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर
5. कार्यालय विधि सलाहकार, सीएसआईआर
6. सीएसआईआर की समस्त राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/ मुख्यालय/ इकाइयों के सभी वरिष्ठ उप सचिव/ वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक / उप सचिव / प्रशासन नियंत्रक /अवर सचिव /प्रशासनिक अधिकारी

7. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों और मुख्यालय के वरिष्ठ उप वित्तीय सलाहकार / वरिष्ठ वित्तीय और लेखा नियंत्रक / उप वित्तीय सलाहकार / वित्तीय और लेखा नियंत्रक / वित्त और लेखा अधिकारी
8. सीएसआईआर वेबसाइट
9. कार्यालय प्रति